नई दिल्ली, मंगलवार
19 अक्टूबर, 2021
नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

सीबीएसई की टर्म-वन परीक्षाओं की घोषणा 1
शाह ने की देश में सुरक्षा के हालात की समीक्षा 1

युवाओं को देनी होगी संस्कार की शिक्षा : संघ

जासं, ग्रेटर नोएडा : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरनंदी महानगर का ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौड़ इंटरनेशनल स्कूल में चल रहा सात दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग का सोमवार को समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम में शिक्षार्थियों ने कठिन साधना के माध्यम से राष्ट्रवाद का भाव लिए देश के शांति काल में कल्पना, योजना, निर्माण, रचना पर अथक परिश्रम के साथ प्रशिक्षण लिया।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्राथमिक शिक्षा वर्ग समारोह में रक्षात्मक कौशल का प्रदर्शन करते छात्र ● सौ. संघ कार्यकर्ता

कार्यक्रम के अंत में शिक्षार्थियों ने बौद्धिक व शारीरिक जैसे नियुद्ध, दंड चलाने आदि कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गाजियाबाद विभाग के प्रचारक रोहित मौजूद रहे। संघ के इस विशेष प्रशिक्षण में महानगर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों इंदिरापुरम, खोड़ा, विजय नगर, राहुल विहार, सिद्धार्थ विहार, बहरामपुर, चिपियाना, गौड़ सीटी, क्रासिंग रिपब्लिक व ग्रेटर नोएडा वेस्ट के अन्य क्षेत्रों से लगभग 172 स्वयंसेवक शामिल हुए। इसमें नौवीं कक्षा से स्नातक तक के छात्रों की संख्या 154 थी। प्रचारक रोहित ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुसंपन्न, सुसंगठित व समरस समाज की कल्पना करता है। जब तक समाज पूर्ण रूप से तैयार नहीं होगा, तब तक कोई भी कार्य पूर्ण रूप से नहीं हो सकता है। अनादि काल से भारत की हिंदू सभ्यता, संस्कृति, समर्पण, सेवा भाव तथा बलिदान संस्कारों की अलग पहचान रही है। वर्तमान में युवाओं को संस्कार की शिक्षा देनी होगी। उन्हें वट वृक्ष के रूप में तैयार करना ही संघ का मुख्य उद्देश्य है। आज देश में किसी भी प्रकार का संकट आता है तो कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी भारतवासी एक हो जाते हैं।

आवासीय विद्या विहार विद्यालय के सचिव रमेश मिश्रा ने कहा कि आरएसएस सदैव निस्वार्थ भाव से सामाजिक व राष्ट्रीय कार्यों में अपनी भूमिका निभाता रहा है। गौड़ स्कूल के सीईओ आशीष ने की। इस अवसर पर मेरठ प्रांत के सह संपर्क प्रमुख वेदपाल, महानगर संघचालक प्रदीप, वर्ग कार्यवाह रणवीर, महानगर कार्यवाह हरीश आदि मौजूद रहे।